भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार
कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health
and Family Welfare, Government of India

फा. सं. 6-2(13)/2019-स्था. दिनांक 18 मार्च, 2024

रिक्ति-परिपत्र-01/2024

****

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है, जो केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त उपक्रमों निकाय (पीएसयू) के पात्र कर्मचारियों से तीन वर्ष की अवधि के लिए लघु संविदा शर्त सहित **प्रतिनियुक्ति आधार पर वेतन लेवल -12** में **सहायक महानिदेशक (प्रशासन)** के एक पद को भरने हेतु दिनांक **30.04.2024** तक आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। तत्पश्चात् आईसीएमआर मुख्यालय द्वारा आवश्यकता पड़ने पर इसे बढ़ाया/घटाया जा सकता है।

2. **सहायक महानिदेशक (प्रशासन) पद के लिए पात्रता शर्तें**

i. केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/पीएसयू के अधिकारी
ii. वेतन लेवल-11 (रु.67700-208700) ग्रेड में समकक्ष पदधारी या अवर सचिव के पद पर चार वर्ष की सेवा या कोई भी समकक्ष डिग्री और कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान
iii. प्रशासन या वित्त में 5 वर्ष कार्य करने का अनुभव
iv. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 56 वर्ष से कम आयु हो।

नोट-1 एसीपी/एमएसीपी के तहत दिया गया वेतन बैंड/वेतन स्तर अधिकारी का व्यक्तिगत है अतः उनकी पात्रता पर विचार नहीं जाएगा।

नोट-2 विभागीय अधिकारी (आईसीएमआर कर्मचारी) प्रतिनियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे और इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त अधिकारी पदोन्नति के लिए पात्र नहीं होंगे।

<u>आवेदन कैसे करें</u>

3. इच्छुक और पात्र अधिकारी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन (आईसीएमआर की वेबसाइट https://main.icmr.nic.in पर उपलब्ध) दिनांक 30.04.2024 तक या उससे पहले जमा करें।

4. आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय नियंत्रण प्राधिकारी को निम्नलिखित दस्तावेज भी भेजने होंगे :-

i. एनओसी, सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और पृष्ठांकन (आवेदन पत्र के भाग-II के अनुसार)
ii. पिछले 5 वर्षों 2018-19, 2019-20, 2020-21 और 2021-22,2022-23 के एपीएआर की सत्यापित प्रति

5. **<u>आवेदन पत्र प्राप्त होने की तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन या अपूर्ण आवेदन पत्र पर या उचित माध्यम से एनओसी नहीं मिलने पर उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।</u>**

6. छंटनी किए गए उम्मीदवारों को आईसीएमआर मुख्यालय, नई दिल्ली में साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। जिसके लिए तारीख और समय बाद में सूचित किया जाएगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता एवं महंगाई भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।

7. डीओपीटी/भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी प्रतिनियुक्ति आधार पर वेतन और अन्य नियम व शर्तों के निर्देश लागू होंगे।

8. उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

9. चयनित उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के साथ, प्रशासनिक तात्कालिक आवश्यकताओं के हित में प्रतिनियुक्ति/आईएसटीसी आधार पर नियुक्त किया जाएगा।

Signed by
Jagdish Rajesh
Date: 19-03-2024 11:48:19

सहायक महानिदेशक (प्रशासन)